Regarding **need to increase the working days under MGNREGA from 100 to 200 days-laid**

**श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार):** भारत सरकार की MGNREGA योजना के तहत प्रति वर्ष 100 दिन के लिए रोजगार उपलब्ध है जो प्रयाप्त नहीं है। साथ ही कई बार मजदूरों को अपने कार्य स्थल तक तम्बी यात्रा करनी पड़ती है जिसके एवज में उन्हें कोई यातायात या भत्ता प्रदान नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं जैसे मजदूरों के बच्चों को छात्रवृत्ति, कन्या विवाह हेतु कन्यादान राशि का प्रावधान सरकार द्वारा दिया जाता है, किन्तु इन योजनाओं का सही तरह से प्रचार व पालन नहीं होने के कारण इनका लाभ पात्रों को उपलब्ध नहीं हो रहा है। मेरे संज्ञान में आया है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र हिसार के लोगों द्वारा इन योजनाओं के तहत आवेदन करने के बावजूद उनकी अर्जी बर्खास्त कर दी जाती है। अतः मेरा सरकार से यह अनुरोध है की MGNREGA के तहत रोजगार की न्यूनतन कार्य अवधि को 100 दिन से बढ़ाकर 200 दिन प्रति वर्ष किया जाए ताकि लोगों को आवश्यक सहायता की आपूर्ति हो । साथ ही मजदूरों को कार्य स्थान तक लम्बी यात्रा के लिए यातायात की व्यवस्था अथवा निश्चित राशि यातायात भत्ते के तौर पर प्रदान की जाए तथा अन्य योजनाओं का लाभ अत्यधिक लोगों को प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें ।